REMITLY त्रुटि समाधान और रद्दीकरण नोटिस

अगर आपको लगता है कि कोई त्रुटि या समस्या हुई है, तो क्या करना चाहिए

अगर आपको लगता है कि आपकी राशि को ट्रांसफ़र करने में कोई त्रुटि या समस्या हुई है, तो हम आपको यथाशीघ्र हमसे संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं.

- हमें 1-888-736-4859 पर कॉल करें; या,
- [हमें us-complaints@remitly.com पर ईमेल भेजें; या,](mailto:us-complaints@remitly.com)
- हमें Remitly, Inc. के इस पते पर लिखकर बताएं: Error Resolution 401 Union Street, Suite 1000, Seattle, WA 98101

जिस तिथि को हमने आपसे वादा किया था कि आपके प्राप्तकर्ता को फ़ंड उपलब्ध करा दिया जाएगा, आपको उस तिथि से 180 दिनों के अंदर हमसे संपर्क करना होगा. जब आप ऐसा करते हैं, तो कृपया हमें बताएं:

- आपका नाम और ईमेल पता;
- ट्रांसफ़र त्रुटि या समस्या और आपको ऐसा क्यों लगता है कि यह कोई त्रुटि या समस्या है.
- फ़ंड पाने वाले व्यक्ति का नाम, और अगर आप जानते/जानती हैं, तो उसका टेलीफ़ोन नंबर या पता बताएं;
- ट्रांसफ़र की जाने वाली राशि (डॉलर में); और,
- हमारे द्वारा आपको मूल लेन-देन के समय प्रदान की गई रसीद पर दी हुई ट्रांसफ़र की संदर्भ संख्या.

हमारे आपसे संपर्क करने के 90 दिनों के अंदर हम यह निर्धारित करेंगे कि कोई त्रुटि हुई है या नहीं और हम किसी भी त्रुटि को तुरंत ठीक कर देंगे. हम अपनी जांच पूरी करने के बाद तीन कारोबारी दिनों के अंदर आपको परिणाम बताएंगे. अगर हम यह निर्णय लेते हैं कि कोई त्रुटि नहीं हुई है, तो हम आपको लिखित तौर पर स्पष्टीकरण भेजेंगे. आप अपनी जांच में हमारी तरफ़ से उपयोग किए गए किसी भी दस्तावेज़ की कॉपी मांग सकते हैं.

अगर आप किसी राशि के ट्रांसफ़र को रद्द करना चाहते हैं, तो क्या करना चाहिए?

आप ट्रांसफ़र को रद्द करने और किसी भी फ़ीस सहित हमें भुगतान किए गए फ़ंड की वापसी का अधिकार रखते हैं.

रद्द करने के लिए आपको हमारे द्वारा किसी बैंक खाते में राशि को जमा कर दिए जाने या भेजी गई राशि को आपके प्राप्तकर्ता द्वारा ले लिए जाने से पहले ऊपर दिए गए टोल फ़्री नंबर या ईमेल पते पर हमसे संपर्क करना होगा.

जब आप हमसे संपर्क करते हैं, तो आपको हमें रद्द किए जाने वाले वांछित ट्रांसफ़र को पहचानने में मदद करने के लिए जानकारी देनी होगी, जिसमें राशि और स्थान जहां फ़ंड भेजा गया था, शामिल है. अगर प्राप्तकर्ता ने खाते में से अभी तक फ़ंड नहीं निकाला है या उसके खाते में यह अभी तक जमा नहीं किया गया है, तो हम ट्रांसफ़र को रद्द करने के आपके अनुरोध के तीन कारोबारी दिनों के अंदर आपका पैसा वापस कर देंगे.